सार-समाचार

संडेज ऑन साइकिल रैली निकाली

बीदासर (निसं)। खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार पुलिस विभाग की ओर से रविवार को कस्बे में ''संडेज ऑन साइकिल'' रैली का आयोजन किया गया। रैली गांधी चौक से प्रारंभ होकर पुलिस थाना परिसर तक निकाली गई। रैली में बच्चों, युवाओं तथा आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर डीएसपी नेमीचंद चौधरी ने कहा कि नियमित रूप से साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ एवं फिट रहता है। साथ ही ईंधन की बचत होती है तथा प्रदूषण कम होने से पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। उन्होंने नागरिकों से दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग का आव्हान किया। रैली के दौरान फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने साइकिल चलाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में थानाधिकारी दिलीप सिंह, पुसाराम चौहान, दिलीप सिंह, महावीर बैद, बजरंग मोदी, रामोतार मारोठिया सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राणासर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 65 प्रतिभाओं का सम्मान

चूरू (निसं)। ग्राम पंचायत राणासर में रविवार को समाज सेवी मजीद खां की ओर से भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, खेल और राजकीय सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 65 प्रतिभाओं को प्रशस्ति-पत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरजीबी शाखा प्रबंधक फुलाराम मीणा थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आलम अली खां, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार बाकोलिया, गौरव सेनानी भंवरु खां, मोहन लाल, सेवानिवृत्त शा.शि. सत्यपाल सिंह, सब्बीर खां दौलतखानी, मुमताज खां, शौकत खां, बीडीसी मेंबर इमरान खान, राकेश तालनिया, शमशेर भालू खां, फुलाराम कड़वासरा, पूर्व सरपंच आजम अली खां, डॉ. इदरीश खान, डॉ. जाकिर चौहान व प्रेमचंद मीणा मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कयूम खान, दाऊद खान, रफीक खान, सद्दाम हुसैन, वसीम अकरम, अब्बास खां व साबिर खां जमालखानी ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी मजीद खां ने आगंतुक अतिथियों, ग्रामीणों और प्रतिभाओं का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन गफ्फार खान ने किया।

खेतों में चोरों का आतंक, फव्वारों की नोजल व सोलर तार चोरी

नोहर (निसं) । तहसील के गांव गांव सोनडी में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ गया है, जिससे किसानों की कमर टूट रही है। अज्ञात चोरों ने खेतों में सिंचाई के लिए लगे फव्वारों (स्प्रिंकलर) की पीतल की कीमती नोजल और सोलर पैनल के तार पार कर दिए। एक साथ कई खेतों को निशाना बनाए जाने से ग्रामीणों में भारी रोष है। नशे की लत बनी वारदात का कारण पीड़ित किसानों हनुमान देहडू, महेंद्र देहडू, शिशपाल देहडू और लादूराम देहडू ने बताया कि चोरों ने हनुमान के खेत से 50 और महेंद्र के खेत से 20 फव्वारों की पीतल की नोजल चोरी कर ली। इसके अलावा कई खेतों से सोलर प्लेटों के कीमती तार काटकर ले गए। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में बढ़ती नशा प्रवृत्ति के चलते नशे के आदी युवक अपनी लत पूरी करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की कार्यशैली पर सवाल लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बाद भी पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली से ग्रामीणों में आक्रोश है। किसानों का कहना है कि पुलिस द्वारा रात्रि गश्त न करने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने जिला पुलिस के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए और गश्त बढ़ाई जाए ताकि किसानों की संपत्ति सुरक्षित रह सके।

नीमकाथाना रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की मांग तेज

नीमकाथाना (निसं)। रेलवे स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में रेलवे सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार एवं विभिन्न जनहित मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। समिति सदस्यों ने स्टेशन पर खानपान, एटीएम, सुरक्षा व्यवस्था, प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर टिन शेड, पेयजल, शौचालय एवं टी-स्टॉल जैसी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की।बैठक में आरक्षण काउंटर का समय रात्रि 8 बजे तक बढ़ाने, रविवार को भी आरक्षण सुविधा शुरू करने, फुटओवर ब्रिज पर एस्केलेटर लगाने, नया अंडरब्रिज बनाने तथा लंबी दूरी की ट्रेनों को प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर रोकने की मांग रखी गई। इसके अलावा फाटक संख्या 76 पर अंडरब्रिज कार्य शीघ्र शुरू करने तथा राजस्थान हमसफर एक्सप्रेस सहित अन्य लंबी दूरी की ट्रेनों का नीमकाथाना में ठहराव देने का प्रस्ताव भी रखा गया।समिति ने जयपुर-दिल्ली के बीच रींगस - नीमकाथाना-नारनौल मार्ग पर नई ट्रेनें चलाने, विभिन्न ट्रेनों के समय में सुधार करने तथा सलाहकार समिति सदस्यों के लंबित पहचान पत्र शीघ्र जारी करने की भी मांग की। बैठक में संदीप अठावाल, चौथमल गर्ग, रविशंकर, महेश मेगोतिया, शेर सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

साइकिल रैली निकालकर दिया जनजागरूकता का संदेश

पाटन (निसं)। पुलिस थाना परिसर से रविवार सुबह 6:30 बजे जनजागरूकता के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को पुलिस अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में रवाना किया गया। यह रैली कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और लोगों को सामाजिक सरोकारों एवं जनहित से जुड़े विषयों के प्रति जागरूक किया गया।रैली में शामिल प्रतिभागियों ने विभिन्न जागरूकता संदेशों के माध्यम से आमजन को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जागरूकता अभियान को सफल बनाया।

चिड़ावा में ट्रायल रूम वीडियो मामले पर जनआक्रोश बढ़ा

- विभिन्न संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन
- जमजम कलेक्शन पर पहुंची पुलिस, जुटाए तकनीकी साक्ष्य

चिड़ावा (निसं)। कस्बे में कपड़ों के शोरूम के ट्रायल रूम में महिला का कथित वीडियो बनाए जाने के मामले को लेकर रविवार को विभिन्न संगठनों, व्यापार मंडल और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। घटना के विरोध में हिंदूवादी संगठनों, भाजपा नेताओं और व्यापारियों ने प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन से पहले कबूतरखाना बस स्टैंड स्थित पार्क में व्यापार मंडल, हिंदूवादी संगठनों और भाजपा पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में घटना की निंदा करते हुए कहा गया कि इस तरह की घटनाओं से पूरे बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की छवि प्रभावित होती है। बैठक के बाद बड़ी संख्या में लोग रैली के रूप में पुरानी तहसील होते हुए विवेकानंद चौक पहुंचे, जहां नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान थानाधिकारी कैलाश चंद्र को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही चिड़ावा क्षेत्र के सभी कपड़ा शोरूम और गारमेंट्स दुकानों के ट्रायल रूम की जांच कर छिपे कैमरों या रिकॉर्डिंग उपकरणों की पड़ताल करने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि गारमेंट्स दुकानों पर महिला कर्मचारियों की नियुक्ति अनिवार्य की जाए तथा कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराया जाए। व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर वास्तविक मालिक का नाम स्पष्ट रूप से अंकित करने और मामले से जुड़े लोगों के मोबाइल फोन की जांच कराने की मांग भी रखी गई। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता राजेश दहिया, जन महिला जनशक्ति की अध्यक्ष नितिका थालौर, भाजपा नगर अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, विहिप जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज शर्मा, विहिप नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा, बजरंग दल अध्यक्ष यमन वर्मा, भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, मुकेश खंडेलवाल, राकेश बाछुका, बिल्लू चनानिया, आशू स्वामी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जमजम कलेक्शन पर पहुंची पुलिस, जुटाए तकनीकी साक्ष्य - इस मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस टीम ने आरोपी के जमजम कलेक्शन प्रतिष्ठान पर पहुंचकर मौका-मुआयना किया और घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य जुटाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तकनीकी जांच भी कर रही है। जांच अधिकारी एवं सुलताना थानाधिकारी रविंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर पूरे प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया । इस दौरान पुलिस ने ट्रायल रूम और संदिग्ध स्थानों की बारीकी से जांच की। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी शाहरूख के कब्जे से जब्त किए गए आईफोन की जांच में महिलाओं के कपड़े बदलते समय के कई आपत्तिजनक फोटो और वीडियो मिले हैं। प्रारंभिक जांच में करीब 8 से 10 फोटो और 3 वीडियो सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि ये फोटो और वीडियो पिछले तीन दिनों के दौरान रिकॉर्ड किए गए थे। पुलिस अब मोबाइल फोन के डाटा को खंगाल रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वीडियो और फोटो कहीं शेयर तो नहीं किए गए। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस मामले में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता तो नहीं है। घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में लोगों में भारी आक्रोश है। पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर आमजन को जागरूक किया

रतनगढ़ (निसं)। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बस स्टैंड, जिला अस्पताल और स्टेशन रोड सहित विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को ताजा एवं शुद्ध भोजन के महत्व की जानकारी देते हुए मिलावट की पहचान संबंधी बुकलेट वितरित की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतनलाल गोदारा ने बताया कि खानपान में लापरवाही कई बीमारियों का कारण बनती है, इसलिए शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामठी का उपयोग करना जरूरी है। अभियान में आमजन को मिलावट के प्रति जागरूक कर खाद्य सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभाग की टीम भी उपस्थित रही।

झुंझुनूं के में बदमाशों का आतंक, पहले फोड़े शीशे, फिर पेट्रोल डालकर कार में लगाई आग

झुंझुनूं (निसं)। शहर के बसंत विहार इलाके में एक शिक्षक दंपत्ति की घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पीड़ित शिक्षक का आरोप है कि कुछ दिन पहले पड़ौसी दुकानदार ने उसे 5-10 दिन में चमत्कार दिखाने की धमकी दी थी और अब उसी धमकी के बाद उसकी कार को आग के हवाले कर दिया गया। घटना शुक्रवार देर रात करीब 11.15 बजे की बताई जा रही है। बसंत विहार निवासी शिक्षक रविंद्र यादव, जो वर्तमान में बहरोड़ अलवर में कार्यरत हैं और छुट्टियों में घर आए हुए थे, ने कोतवाली थाने में दी शिकायत में पड़ौसी दुकानदार सज्जन सोनी पर साजिश रचने का आरोप लगाया है। उनकी पत्नी पिंकी यादव भी शिक्षिका है और झुंझुनूं में ही कार्यरत हैं। पीड़ित के अनुसार कुछ दिन पहले उन्होंने कॉलोनी में शराबियों के जमावड़े, गाली-गलौज और असामाजिक गतिविधियों की आनलाइन दर्ज करवाई थी। शिकायत पड़ोसी दुकानदार की किराना दुकान को लेकर की गई थी। जहां देर रात तक लोगों का जमावड़ा लगा रहता था। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर मामला शांत करा दिया था। रविंद्र यादव का आरोप है कि इसके बाद सज्जन सोनी उनके घर आया और धमकी देते हुए कहा कि उसके पास गुंडे हैं तथा वह 5-10 दिन में उन्हें चमत्कार दिखाएगा। पीड़ित का दावा है कि उसी धमकी के कुछ दिन बाद यह वारदात हुई। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। फुटेज के अनुसार दो युवक नायकों वाले मोहल्ले की ओर जाने वाली गली से एक-एक कर आते दिखाई देते हैं। पहले दोनों युवक मौके की रेकी करते हैं। लेकिन इसी दौरान वहां एक बाइक आ जाने से वापस लौट जाते हैं। करीब चार-पांच मिनट बाद दोनों फिर लौटते हैं। फुटेज में एक युवक कार पर पेट्रोल छिड़कता दिखाई देता है। जबकि दूसरा युवक लाठी से कार के शीशे तोड़ता है। इसके बाद कार में आग लगा दी जाती है और दोनों आरोपी मौके से फरार हो जाते हैं। शीशे टूटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकले और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि तब तक कार काफी हद तक जल चुकी थी और उसे भारी नुकसान पहुंच चुका था।

शिक्षा मंत्री के रवैये पर कर्मचारी नेताओं ने उठाए सवाल

- शिक्षकों पर दर्ज मुकदमा वापस लेने और कार्यशैली में सुधार की मांग, प्रतिनिधिमंडल ने रखी समस्याएं

जयपुर/झुंझुनूं , (अजीत जांगिड़) राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) एवं अखिल राजस्थान संयुक्त कर्मचारी महासंघ (एकीकृत) के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री की कार्यशैली और शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने तथा शिक्षा विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के मुख्य संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा तथा महासंघ के प्रमुख महेंद्र सिंह के नेतृत्व में हुए इस प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशाध्यक्ष को बताया कि ठीष्मावकाश में कटौती सहित शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंज मंडी में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से विशाल शिक्षक रैली आयोजित की गई थी। संगठन का आरोप है कि इस रैली के बाद शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज कराया गया, जिससे शिक्षक समुदाय में असंतोष व्याप्त है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को सौंपे गए ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री की कार्यप्रणाली को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए कहा कि इससे शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों और शिक्षकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों के विरुद्ध दर्ज मामलों को वापस लेने तथा विभागीय स्तर पर संवाद और सकारात्मक वातावरण स्थापित करने की मांग की। इस दौरान संगठन के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षक हितों की अनदेखी और दमनात्मक कार्रवाई से शिक्षा जगत में निराशा का माहौल बन रहा है। उन्होंने सरकार से शिक्षकों की जायज मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करने का आठाह किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विषयों पर उचित स्तर पर विचार करने का आश्वासन दिया। वहीं प्रतिनिधिमंडल में महेंद्र सिंह, सियाराम शर्मा, मुकेश कुमार मीणा, विनोद कुमार मीणा, अमित मीणा सहित संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बाल लीलाओं से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

चूरू (निसं)। स्थानीय श्रीराम मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के पांचवें दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम देखने को मिला। इस दौरान वृंदावन के कथा वाचक हरिश ठाकुर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व गिरिराज पूजन के प्रसंगों का रसपान करवाया। हरीश ठाकुर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की अलौकिक बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, के जयकारों से पंडाल गुंजायमान हो गया। गोपियों की मनोहारी झांकियों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। हरीश ठाकुर ने कहा कि बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीव को ईश्वर से सहज प्रेम और समर्पण का मार्ग दिखाती हैं। कथा में जब गोवर्धन पूजा का प्रसंग आया तो छप्पन भोग और भव्य आरती के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते हुए गिरिराज धरण की परिक्रमा की और भगवान की अद्भुत लीलाओं का आनंद उठाया।

'अपराधियों पर कसेगा शिकंजा, लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण होगा'

- एसपी कावेन्द्र सिंह सागर ने अपराध समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश, कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता

झुंझुनूं जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत के सम्बंध में एसपी कावेन्द्र सिंह सागर की अध्यक्षता में बैठक हुई।

झुंझुनूं (निसं)। जिले में अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने, कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जिला पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृत्ताधिकारी एवं जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने जिले में अपराध की स्थिति, अनुसंधानाधीन मामलों और लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने मामलों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को त्वरित न्याय दिलाने और पुलिस व्यवस्था में विश्वास बनाए रखने के लिए लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा अत्यंत आवश्यक है।

एसपी ने वांछित एवं सक्रिय अपराधियों की धरपकड के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए। अपराध में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर होगी कार्रवाई सडक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक ने अवैध रूप से लाल-नीली बत्ती लगाने वाले वाहनों, नियम विरुद्ध नंबर प्लेटों तथा मॉडिफाइड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए।

नशे और अवैध हथियारों के कारोबार पर सख्ती - बैठक में अवैध हथियार, शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री में लिप्त तत्वों के खिलाफ निरंतर और कठोर कार्रवाई करने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने कहा कि समाज में अपराध और नशे के नेटवर्क को तोडने के लिए समन्वित अभियान चलाए जाएं तथा ऐसे मामलों में प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

महिला एवं बाल सुरक्षा पर विशेष फोकस - गोष्ठी में महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्गों के विरूद्ध होने वाले अत्याचार संबंधी मामलों को संवेदनशीलता के साथ लेते हुए उनका समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश के लिए विशेष टीमों का गठन कर अधिकाधिक दस्तयाबी सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा झूठे एवं मिथ्या मामलों में न्यायालय के समक्ष इस्तगासे प्रस्तुत कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने सभी अधिकारियों से जनसुरक्षा, अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

भाजपा में नई जिम्मेदारियां, मोदी सरकार के 12 वर्ष अभियान के लिए नियुक्तियां

नोहर, (निसं)। यहां भारतीय जनता पार्टी, जिला हनुमानगढ़ द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के सफल 12 वर्षों के उपलक्ष्य में विश्वास, विकास एवं जनकल्याण अभियान का शंखनाद कर दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर नोहर नगर पालिका में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नई नियुक्तियाँ की गई हैं। विश्वास, विकास एवं जनकल्याण अभियान का संचालन मोदी सरकार के 12 वर्ष : विश्वास, विकास एवं जनकल्याण अभियान के तहत उपखण्ड स्तर पर संयोजकों की नियुक्ति की गई है। जिसके तहत नोहर उपखण्ड संयोजक का दायित्व बसंत सैनी को सौंपते हुए विश्वास जताया कि वे संगठन की रीति-नीति और केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। सैनी ने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर इस अभियान को धरातल पर सफल बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का सभी से आव्हान किया है। वहीं दुसरी ओर नोहर नगर पालिका में स्वच्छ भारत मिशन के लिए प्रभारी नोहर नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा जनजागरूकता बढ़ाने हेतु स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपा गया है। स्वच्छ भारत मिशन के वरिष्ठ पदाधिकारी के.के. गुप्ता द्वारा जारी आदेशानुसार, भाजपा जिला महामंत्री नन्दलाल प्रजापत (वर्मा) को प्रभारी तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश कंकर को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

त्वरित समाधान के लिए व्हाट्सएप का उपयोग स्वच्छता के प्रति सक्रियता सुनिश्चित करने हेतु प्रभारी और सह-प्रभारी के मोबाइल नंबर संबंधित व्हाट्सएप समूहों से जोड़े गए हैं। आमजन अब नगर में कहीं भी गंदगी या सफाई संबंधी समस्या होने पर उसकी फोटो व्हाट्सएप समूह में साझा कर सूचना दे सकेंगे। नियुक्त प्रभारियों द्वारा शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। के.के. गुप्ता ने आशा व्यक्त की कि नवनियुक्त प्रभारियों के मार्गदर्शन और नगर पालिका प्रशासन के सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन नोहर में नई ऊंचाइयों को छुएगा। नागरिकों के सक्रिय सहयोग से एक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ नोहर का निर्माण करना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

सार-समाचार

करोड़ों की लागत से बना कॉलेज भवन दरकने लगा

बिसाऊ (निसं)। मंडावा विधानसभा क्षेत्र के बिसाऊ स्थित राजकीय महाविद्यालय भवन में आई गंभीर दरारों और निर्माण संबंधी खामियों को लेकर छात्रों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के वरिष्ठ नेता कामरेड महिपाल पूनिया ने शनिवार को महाविद्यालय का दौरा कर हालात का जायजा लिया और मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय भवन की दीवारों, छतों तथा अन्य हिस्सों में बड़ी-बड़ी दरारें दिखाई दीं। भवन की यह स्थिति देखकर उपस्थित लोगों ने चिंता जताई और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए। सीपीआई(एम) नेताओं का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस मौके पर कामरेड महिपाल पूनिया ने कहा कि करोड़ों रूपये की लागत से निर्मित महाविद्यालय भवन में इतनी कम अवधि में गंभीर दरारें आ जाना निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की आशंका को बल देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और संबंधित निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण सैकड़ों विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। एसएफआई जिलाध्यक्ष आशीष पचार ने कहा कि शिक्षा संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन बिसाऊ महाविद्यालय की स्थिति यह दर्शाती है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होने पर किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं डीवाईएफआई जिला उपाध्यक्ष साहिल खान ने भवन निर्माण की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो उसकी जिम्मेदारी तय कर दोषी अधिकारियों, ठेकेदारों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कपिल चोपड़ा ने कहा कि छात्रों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महाविद्यालय भवन की तत्काल मरम्मत कर सुरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए तो सीपीआई(एम) और क्षेत्र की जनता छात्रों की सुरक्षा के मुद्दे पर व्यापक जनआंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगी। निरीक्षण के दौरान सीपीआई(एम) तहसील अध्यक्ष अमित शेखावत (झुंझुनूं), रफीक खान तथा आवेश भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग - छात्र संगठनों और स्थानीय लोगों ने मांग की है कि महाविद्यालय भवन की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए, भवन की सुरक्षा का आकलन किया जाए तथा आवश्यक मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाए, ताकि विद्यार्थियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बिसाऊ का यह मामला अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है और लोगों की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

अवकाश होने के बावजूद मुख्य सचिव ने सुनी किसानों की समस्याएं

सीकर (निसं)। राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने अवकाश होने के बावजूद भी आज किसानो की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा शीघ्र निदान करने का आश्वासन दिया पूर्व विधायक बद्री लाल जाट के नेतृत्व में सीकर भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा भरतपुर के अध्यक्ष हेमराज चौधरी अलवर के अध्यक्ष नेमीचंद चौधरी ने मुख्य सचिव से मिलकर राजस्थान के भूमि विकास बैंकों से जुड़े किसानो की समस्याएं एवं भूमि विकास बैंकों को सुदृढ़ करने के लिए उन्हें ज्ञापन देते हुए वस्तु स्थिति से अवगत कराया मुलाकात के दौरान राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने भूमि विकास बैंकों को मजबूत करने का आश्वासन देते हुए किसानो की समस्याओं के शीघ्र समाधान करने की बात कही मुख्य सचिव से मुलाकात के सकारात्मक सहयोग पर सीकर भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा ने उनका तहेदिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानो की समस्याओं को लेकर मुख्य सचिव का सकारात्मक सहयोग निश्चित रूप से किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

फंड होते हुए भी 20 रुपए का बल्ब ही नहीं खरीद सकते

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर कस्बे के राजकीय चिकित्सालय में मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी में करीब 40 लाख रुपए का फंड है लेकिन 20 रुपए का बल्ब ही नहीं खरीद सकते वर्तमान में चिकित्सालय में निशुल्क दवा केंद्र में दवा लाने के लिए चूरू पिकअप भेजी जाती है लेकिन 7 हजार रुपए किराया नहीं होने के कारण मेडिसिन नहीं लाई जा रही है जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है इसके अलावा लेबोरेट्री में केमिकल भी खत्म होने वाला है उसके लिए भी खरीदारी नहीं की जाती इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अनेकों बार अवगत करवा चुके हैं साथ ही अनेकों बार ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी यहां पर आ चुके हैं उनको भी अच्छी तरह से मालूम है लेकिन सब कुछ ध्यान में होते हुए इस महत्वपूर्ण समस्या की ओर किसी का ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है साथ ही चिकित्सा परिसर में रिपेयरिंग का कार्य भी मांगने लगा है लगातार मानसून के दौरान चिकित्सा परिसर में पीछे दीवार बनी हुई है उस दीवार के टूटने से गैनाणी का पानी चिकित्सा परिसर में आ जाता है जिससे लगातार 3 वर्षों से लाखों रुपए का सरकार को नुकसान भी हो चुका है इस नुकसान का जायजा लेने के लिए अधिकारी भी एवं राजनेता भी मौका मुआयना कर चुके हैं लेकिन किसी तरह का कोई समाधान नहीं हुआ समय रहते हुए मानसून से पूर्व अगर दीवार बन जाती है तो चिकित्सा परिसर में नुकसान नहीं होगा साथ ही सुनने में आ रहा है लंबे समय से चिकित्सा परिसर में मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी बैठक तक नहीं हुई।

पक्षियों के लिए परिंड़े लगाने का संकल्प

चूरू (निसं)। स्थानीय भास्कर भवन में सर्राफ फांउडेंशन की ओर से संचालित गीता क्लासेज का शुभारंभ रविवार को दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान जनार्दन आचार्य ने बच्चों को गीता के 15वें अध्याय का अध्ययन करवाते हुए उसके जीवन में उपयोगी कार्य बताए। वहीं माधुरी शर्मा ने बच्चों को जीवन में अनुशासन और संस्कारों से जुड़े 11 महत्वपूर्ण नियमों की जानाकरी दी। हर्षित सोनी ने विद्यार्थियों को ध्यान का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि बी.एन. राजोतिया का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मानंद राजोतिया ने कहा कि गीता क्लासेज संयोजक संजय सिंघानिया धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों में सदैव अठाणी भूमिका निभाते हैं और जनहित के कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में गजल-गीतों की प्रस्तुति के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। शहर में पड़ रही इस भीषण गर्मी और जल संकट के मध्य नजर पक्षियों को राहत पहुंचाने की दिशा में गीता क्लासेज ने अनुठी पहल की।

चिकित्सालय में दवा वितरण केंद्र 6 से बढ़ाकर 9 किए

हनुमानगढ़, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव के निर्देशानुसार हनुमानगढ़ टाऊन स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल राजकीय जिला चिकित्सालय में मरीजों की बढ़ती संख्या और दवा वितरण केंद्रों पर लगने वाली भीड़ को देखते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

अस्पताल में दवा वितरण केंद्रों की संख्या 6 से बढ़ाकर 9 कर दी गई है, जिससे मरीजों को दवाएं प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी और प्रतीक्षा समय में कमी आएगी। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. शंकरलाल सोनी ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत मुख्य भवन के ओपीडी ब्लॉक में 6 दवा वितरण केंद्र संचालित होंगे। वहीं एमसीएच भवन में 2 दवा वितरण केंद्र तथा एमसीएच के कमरा संख्या 7 में 24 7 एक अतिरिक्त दवा वितरण केंद्र संचालित किया जाएगा, जिससे मरीजों को चौबीसों घंटे आवश्यक दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

फीवर क्लीनिक और मेमोरी केयर क्लीनिक शुरू अस्पताल प्रशासन द्वारा ओपीडी समय में नई विशेष चिकित्सा सेवाएं भी शुरू की गई हैं। ओपीडी ब्लॉक के कमरा संख्या 33 में फीवर क्लीनिक का संचालन प्रारंभ किया गया है ।